सामिष का 6.50 रुपये है जिसमें बिक्री कर शामिल नहीं है । यद्यपि केसरोल में भोजन का परिमाण कम है लेकिन ऊष्मीय उपयोगिता प्रायः बराबर है । कैसरोल में भोजन के लाभों यथा स्वास्थ्य-कर, गुणवत्ता, गर्म रखने की क्षमता, आदि की तुलना में मूल्य में यह अन्तर महत्वहीन है । की गयी गहन रायशुमारी से पता चला है कि यात्रियों ने कैसरोल सेवा की सराहना की है ।

(ग) गाडियों में भोजन की गुणवत्ता तथा सेवा में और अधिक सुधार लाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं ।

कुष्ठ रोग के टीके का विकास

@3816—क. श्री अजीत जोगी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हमारे चिकित्सा वैज्ञानिकों ने अब तक कुष्ठ रोग के टीके का कहां तक विकास कर लिया है , और

(ख) देश के कुष्ठ रोग-प्रवण क्षेत्रों में इन टीकों का प्रयोग कब से शुरू कर दिये जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी उमा खाण्डे) : (क) हाल ही में देश में ही दो वैक्सीनों को तैयार किया गया है। इसमें से एक वैक्सीन को कैंसर अनुसंधान केन्द्र, बम्बई द्वारा तैयार किया गया है जिसे पेन्स-3 के लिए औषध नियंत्रक (भारत) द्वारा क्लीयर कर दिया गया है और महाराष्ट्र के लिए शोलापुर में नैदानिक परीक्षण भी शुरू किए जा चुके हैं । दूसरी वैक्सीन राष्ट्रीय इम्यूनो-विज्ञान संस्थान नई दिल्ली द्वारा तैयार की गई है जिसकी नैदानिक पूर्व और विषाक्तता-विभागीय मूल्यांकन अध्ययन पूरे हो चुके हैं और इसके पेन्स-2 और 3 के क्लियरेंस की प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ख) यह वक्सीन केवल कुष्ठोन्मुख क्षेत्रों में ही शुरू की जायेगी यदि वर्तमान परीक्षण से यह पता चलता है कि यह कुष्ठ की रोकथाम करने के लिए प्रभावकारी है ।

@ पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 3990, 27 अगस्त, 1987 से स्थानान्तरित किया गया ।

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### Reports and Accounts (1985-86) of the University Grants Commission, New Delhi and related papers

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI P. V. NARASIMHA RAO); Madam, I beg to lay on the Table a copy each (in English and Hindi) of the following papers:—

(i) (a) Annual Report of the University Grants Commission, New Delhi, for the year 1985-86, under section 18 of the University Grants Commission Act, 1956.

(b) Review by Government on the working of the Commission.

(c) Statement giving reasons for the delay in laying the paper mentioned at (a) above,

(ii) (a) Annual Accounts of the Universiy Grants Commission, New Delhi, for the year 1985-86, and the Audit Report thereon, under sub Section (4) of section 19 of the University Grants Commission Act, 1956.

(b) Statement giving reasons for the delay in laying the paper mentioned at (a) above. [Placed in Library. *See* LT-4862 87 for (i) and **(ii)].**

### Notifications of the Ministry of Surface Transport (Port win?)

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE